संख्या-126/2025/1812 /26-3-2025-1690967

प्रेषक,

एल0वेंकटेश्वर लू,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1-समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
2-समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊः दिनांकः 07 जुलाई 2025

विषयः- भारत सरकार की विभिन्न अधिसूचनाओं द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य हेतु निर्गत अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों की सूची के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-117/2025/1543/26-3-2025-1690967, दिनांक 16.06.2025 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा भारत सरकार की विभिन्न अधिसूचनाओं द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य हेतु निर्गत अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों की सूची उपलब्ध करायी गयी है।

2- अवगत कराना है कि DHANGAR समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों/संस्थाओं द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रत्यावेदनों एवं प्रश्नगत प्रकरण के सम्बन्ध में मा0 उच्च न्यायालय/मा0 उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन वादों में उक्त शासनादेश के प्रस्तर-2 में उल्लिखित जातियों के क्रमांक-27 पर अंकित जाति की हिन्दी वर्तनी पर आपत्ति व्यक्त की गयी है। उक्त प्रकरण अद्यतन मा0 उच्च न्यायालय एवं मा0 उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है।

3- अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विषयांकित प्रकरण में शासन द्वारा पूर्व में निर्गत शासनादेशों एवं प्रकरण में मा0 उच्च न्यायालय/मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित निर्णयों के अनुसार DHANGAR जाति के व्यक्तियों को जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने के सम्बन्ध में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

4- शासनादेश संख्या-117/2025/1543/26-3-2025-1690967, दिनांक 16.06.2025 को उक्त सीमा तक संशोधित पढ़ा एवं समझा जाए।

भवदीय,

Digitally signed by
LAKKU VENKATESHWARLU
Date: 07-07-2025
18:46:50

(एल0वेंकटेश्वर लू)
अपर मुख्य सचिव।

abhi

पृ0सं0 संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1-प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0शासन।

2-समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, उ0प्र0शासन।

3-आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उ0प्र0।

4-निदेशक,समाज कल्याण/जनजाति विकास/अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0लखनऊ।

5-समस्त जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा निदेशक, समाज कल्याण विभाग।

6-निदेशक, एन0आई0सी0, उ0प्र0।

7-निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवा योजन, उ0प्र0।

8-गार्ड फाइल।

Digitally signed by आज्ञा से,
RAJANI KANT PANDEY (रजनी कान्त पाण्डेय)
Date: 07-07-2025 उपसचिव।
18:50:43

abhi